# Daily Current Affairs

Date : 26 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | सुशासन दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह : जयपुर |
| 2. | भामाशाह नीति–2025 |
| 3. | सौंध माटी आदि धरोहर प्रलेखन योजना |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. सत्यप्रकाश यादव<br>2. दीपक सिंह (करौली) और निकिता कंवर (जयपुर)<br>3. 5वीं राजस्थान सॉफ्ट हॉकी राज्य चैंपियनशिप:<br>4. डीग नगर पालिका का नाम अब 'ब्रजनगर नगर पालिका'<br>5. पारूल चौधरी<br>6. राज्य स्तरीय रोजगार मेला (25 दिसंबर, 2025) : जयपुर<br>7. राज्य स्तरीय सिविल सेवा 'CS चैलेंजर कप' |
| 5. | K-4 मिसाइल (कलाम-4) |
| 6. | ध्रुव 64 माइक्रोप्रोसेसर |
| 7. | IEESA कॉर्पोरेट पुरस्कार, 2025 |
| 8. | राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस व पुरस्कार, 2025: 14 दिसंबर |
| 9. | एशियन यूथ पैरा गेम्स, 2025 |
| 10. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. नया जिला हांसी: हरियाणा<br>2. रोलिंग बजट<br>3. रूफटॉप सोलर योजना<br>4. यूक्रेन: क्षतिपूर्ति कोष का गठन<br>5. चिली के नए राष्ट्रपति: जोसे एंटोनियो कास्ट<br>6. संथाली भाषा में संविधान<br>7. भारत : किम्बरली प्रक्रिया का उपाध्यक्ष |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## सुशासन दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह : जयपुर

### चर्चा में क्यों?

- सुशासन दिवस (25 दिसंबर) के अवसर पर हरीश चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (HCM RIPA), जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में जयपुर में 'अटल काव्य स्मारक' एवं 'अटल लोकतंत्र उपवन' के निर्माण की घोषणा की।
- राज्य सरकार द्वारा सिटी पार्क (मानसरोवर) में 'अटल काव्य स्मारक' का निर्माण करवाया जाएगा। जिसमें ई-लाइब्रेरी, पुस्तकालय सहित कई सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जाएंगी।
- साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा जयपुर में ही 'अटल लोकतंत्र उपवन' भी विकसित किए जाने की भी घोषणा की गई।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- जहाँ ‘अटल लोकतंत्र उपवन’ भारतीय लोकतंत्र एवं संसदीय परंपराओं को समर्पित एक हरित सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा वहीं, ‘अटल काव्य स्मारक’ काव्य एवं साहित्य को समर्पित एक प्रेरणादायी और जीवंत केन्द्र होगा।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**सुशासन दिवस :**

- वर्ष 2014 में केंद्र सरकार की घोषणा के अनुसार प्रति वर्ष भारत के 10वें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) को "सुशासन दिवस" के रूप में मनाया जाता है।
- सुशासन दिवस का उद्देश्य सुशासन के माध्यम से विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और सेवाओं तक जनता की पहुंच बढ़ाना है। यह "ई-गवर्नेंस के माध्यम से सुशासन" के नारे के साथ स्थापित किया गया था।
- सुशासन की अवधारणा ‘न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन’ पर आधारित है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भामाशाह नीति–2025

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा भामाशाह नीति–2025 को स्वीकृति प्रदान की गई जिसका मुख्य उद्देश्य परोपकारी तथा कॉर्पोरेट योगदानों के माध्यम से सरकारी विद्यालयों की अवसंरचना को सुदृढ़ करना है।

## मुख्य बिन्दु:

- यह नीति व्यक्तिगत दानदाताओं, अनिवासी भारतीयों (NRI), कॉर्पोरेट संस्थानों, ट्रस्टों एवं पूर्व छात्र समूहों को सरकारी स्कूलों के विकास में भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करती है।
- दान की गई राशि का उपयोग कक्षा-कक्ष, प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास रूम, खेल परिसर, पेयजल सुविधाएँ तथा विद्यालय परिसर के समग्र विकास के लिए किया जाएगा।
- दानदाताओं को राज्य पोर्टल के माध्यम से पट्टिका, प्रमाण-पत्र एवं डिजिटल पावती के रूप में आधिकारिक मान्यता प्रदान की जाएगी।
- शिक्षा विभाग दाता-वित्तपोषित परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी को सुनिश्चित करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सौंध माटी आदि धरोहर प्रलेखन योजना

## चर्चा में क्यों?

- राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025 के 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर 'सौंध माटी आदि धरोहर प्रलेखन योजना' का शुभारम्भ किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- **शुरुआत :** 15 नवम्बर, 2025 को डूंगरपुर से।
- **नॉडल विभाग :** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग।
- **कार्यान्वयन संस्थान :** माणिक्य लाल वर्मा जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर।
- यह योजना जनजातीय समुदायों की कला, संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर का प्रलेखन कर उन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने पर केंद्रित है।
- योजना के तहत वाद्य यंत्र, पाक-कला, आस्था केंद्र, ऐतिहासिक स्थल, चित्रकारी, भित्ति-चित्र, काष्ठ व प्रस्तर कला, नृत्य और गायन आदि का विस्तृत प्रलेखन (Documentation) किया जाएगा।
- इस योजना द्वारा स्थानीय चित्रकारों के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की भित्तियों पर चित्रकारी और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को संरक्षित किया जाएगा, जिससे जनजातीय गौरव और उनकी समृद्ध विरासत को नई पहचान मिलेगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **सत्यप्रकाश यादव**<br>▪ राजस्थान के सत्यप्रकाश यादव को 'इंडियन बास्केटबॉल पुरुष टीम' के लिए घोषित चयन समिति में शामिल किया गया।<br>▪ यह सलेक्शन कमेटी 4 से 11 जनवरी, 2026 तक चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित होने वाली 75वीं सीनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय बास्केटबॉल टीम का चयन करेगी। |
| 2. | **दीपक सिंह (करौली) और निकिता कंवर (जयपुर)**<br>▪ हाल ही में, 'साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025' के लिए घोषित भारतीय टीम में राजस्थान के दीपक सिंह (करौली) और निकिता कंवर (जयपुर) का चयन किया गया।<br>▪ एशियन बॉल बैडमिंटन महासंघ के तत्वावधान में भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त आयोजन से साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप (पुरुष व महिला) का आयोजन 27 से 29 दिसंबर, 2025 तक किया गया।<br>▪ **भारतीय टीम के कोच :** राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव शौकत अली मंसूरी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **5वीं राजस्थान सॉफ्ट हॉकी राज्य चैंपियनशिप:**<br>■ **आयोजन :** 13 से 15 दिसंबर, 2025 तक मकराना (डीडवाना-कुचामन)<br>**विजेता:**<br>■ **सीनियर पुरुष वर्ग :** जयपुर विजेता।<br>■ **सीनियर महिला वर्ग :** भीलवाड़ा विजेता।<br>■ **जूनियर बालक वर्ग :** जयपुर विजेता।<br>■ **जूनियर बालिका वर्ग :** नागौर विजेता।<br>■ **सब-जूनियर बालक वर्ग :** फलौदी विजेता। |
| 4. | **डीग नगर पालिका का नाम अब 'ब्रजनगर नगर पालिका'**<br>■ हाल ही में राजस्थान स्वायत्त शासन विभाग द्वारा डीग जिले की नगर पालिका का नया नाम 'ब्रजनगर नगर पालिका' रखे जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। |
| 5. | **पारूल चौधरी**<br>■ मदुरै (तमिलनाडु) में आयोजित ऑल इण्डिया जूनियर (अंडर-19) रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में चूरू की पारूल चौधरी ने गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक जीता।<br>■ ऑल इण्डिया U-19 रैंकिंग बैडमिंटन का खिताब जीतने वाली पारूल चौधरी राजस्थान की पहली खिलाड़ी है।<br>■ पारूल चौधरी ने फाइनल में पश्चिम बंगाल की कनिष्का को हराया। |
| 6. | **राज्य स्तरीय रोजगार मेला (25 दिसंबर, 2025) : जयपुर**<br>■ राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के कॉमर्स कॉलेज में 25 दिसंबर, 2025 को 'राज्य स्तरीय रोजगार मेले' का आयोजन किया गया।<br>■ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने निजी कंपनी में रोजगार प्राप्त करने वाले चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 7. | **राज्य स्तरीय सिविल सेवा 'CS चैलेंजर कप'** |
|---|---|




- **25 दिसंबर, 2025 को राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में राज्य स्तरीय सिविल सेवा 'CS चैलेंजर कप-2025' का उद्घाटन किया।**
- **ज्ञातव्य है कि राजस्थान कार्मिक विभाग के तत्वावधान में जयपुर जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2012 से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अब तक इस प्रतियोगिता के 11 संस्करण आयोजित किए जा चुके हैं।**
- **आयोजन : 25 से 29 दिसंबर, 2025 तक।**
- **उद्देश्य : सिविल सेवाओं में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## K-4 मिसाइल (कलाम-4)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत ने बंगाल की खाड़ी में INS अरिघाट से 3500 किमी. भेदन क्षमता वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल K-4 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।



### मुख्य बिन्दु:

- यह परमाणु क्षमता युक्त मध्यम दूरी की पनडुब्बी से लॉन्च होने वाली बैलिस्टिक मिसाइल (SLBM) है।
- **विकास:** DRDO द्वारा।

**विशेषताएँ:**


1. दो चरण वाली ठोस ईंधन प्रणाली है।
2. **मारक क्षमता:** 3500 किमी. (पुरानी K-15 की मारक क्षमता: 750 किमी.)
3. पानी के अंदर कम तापमान में लॉन्च की जा सकती है।
4. GPS और भारत की नाविक प्रणाली द्वारा समर्थित एक उन्नत जड़त्वीय नेविगेशन प्रणाली द्वारा निर्देशित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ध्रुव 64 माइक्रोप्रोसेसर

## चर्चा में क्यों?

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने माइक्रोप्रोसेसर विकास कार्यक्रम (MDP) के तहत् C-DAC द्वारा विकसित पूर्णत: स्वदेशी 64 बिट माइक्रोप्रोसेसर DHRUV-64 के प्रक्षेपण की घोषणा की।




## मुख्य बिन्दु:

- **ध्रुव-64:** यह एक सामान्य प्रयोजन वाला 64 बिट, डुअल-कोर माइक्रोप्रोसेसर है।
- यह भारत के प्रोसेसरों के इकोसिस्टम का हिस्सा है, जिसमें IIT मद्रास का शक्ति, IIT बॉम्बे का अजीत, इसरो-सेमीकंडक्टर लेन का विक्रम और C-DAC (वर्ष 2025) का थेजस-64 शामिल है।
- **डिजाइन:** RISC-V पर आधारित।
- **विकासकर्ता:** उन्नत कंप्यूटिंग विकास केन्द्र (C-DAC)
- **क्लॉक स्पीड:** 1GH2

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- **THEJAS-32/थेजस-32:** भारत में डिजाइन की गई पहली DIR-V चिप जिसका निर्माण मलेशिया में किया गया था।
- **THEJAS-64/ थेजस-64:** दूसरी चिप जिसका निर्माण मोहाली (भारत) में किया गया।
- **DHRUV-64/ ध्रुव-64:** तीसरी चिप है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## IEESA कॉर्पोरेट पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- भारत सरकार के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, (सेंटर फॉर डेवलपमेंट एंड टेलीमैटिक्स; सी डॉट) को इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स स्टैंडर्डस एसोसिएशन (IEEESA) में उत्कृष्ट नेतृत्व और योगदान के लिए प्रतिष्ठित "IEEESA कॉर्पोरेट अवॉर्ड, 2025 से सम्मानित किया गया है।



### मुख्य बिन्दु:

- **पुरस्कार समारोह:** न्यू जर्सी, अमेरिका।
- **सी डॉट (C-DOT) का योगदान :** वायरलेस ब्रॉडबैंड, ग्रामीण 5G, दूरसंचार शिक्षा में IEEE मानकों को आगे बढ़ाने में अग्रणी योगदान और नेतृत्व एवं समर्थन के माध्यम से भारत से मानक आधारित नवाचार के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ढाँचे को तैयार करने के लिए प्रदान किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विशेष :** C-DOT विश्व स्तर पर यह पुरस्कार प्राप्त करने वाला पाँचवाँ और भारत का पहला संगठन है।
- IEEE की स्थापना से अब तक विश्वभर में केवल 4 संगठनों को ही यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- IEEESA स्टैंडर्ड्स मेडलियन, 2025 : सी-डॉट में वैज्ञानिक संदीप कुमार अग्रवाल को प्रदान किया गया।

**अतिरिक्त जानकारी :**

- **IEEESA :** IEEE के अंतर्गत एक कार्यकारी इकाई है। यह दूरसंचार, कृत्रिम बुद्धिमता, इलेक्ट्रॉनिक्स और कई अन्य उद्योगों में वैश्विक मानक विकसित करती है।

**टेलीमैटिक्स विकास केन्द्र (C-DOT) :**

- **परिचय :** यह भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (DSIR) के साथ पंजीकृत एक 'सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान है।
- **स्थापना:** अगस्त, 1984 में भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के एक स्वायत्त दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केन्द्र के रूप में।
- **आधार:** सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत् स्थापित।
- **कार्य:** स्वदेशी दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास के रूप ऑप्टिकल, स्विचिंग, वायरलेस, सुरक्षा, नेटवर्क प्रबंधन, M2M/IoT, SG, AI आदि पर कार्य करती है।

**C-DOT की सफलता:.**

1. ज्ञान सेतू और मैक्सएनजी टेक्नोलॉजीज का शुभारंभ।
2. ब्रॉडबैंड उत्पादों का शुभारंभ।
3. टेराबिट राउटर एवं FTID सॉल्यूशन का उद्घाटन।

**अन्य पुरस्कार से सम्मानित:**

1. KSCSTIP पुरस्कार व सम्मान, 2021
2. NEGIS ग्राहम बेल पुरस्कार, 2019
3. WBA उद्योग पुरस्कार, 2018


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस व पुरस्कार, 2025: 14 दिसंबर

### चर्चा में क्यों?

- **14 दिसंबर, 2025 को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (NECA), 2025 प्रदान किए गए।**




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक:** ऊर्जा संरक्षण ब्यूरो (BEE)
- **दिवस का पहली बार आयोजन:** 14 दिसंबर, 1991
- **राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह, 2025:** 14 से 20 दिसंबर, 2025 तक आयोजित।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार, 2025:

- 25वाँ संस्करण।
- सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई श्रेणी सहित 7 श्रेणियों में 28 उप क्षेत्र शामिल है।
- **शीर्ष प्रदर्शनकर्ता राज्य:** आंध्रप्रदेश (लगातार चौथे वर्ष); ऊर्जा संरक्षण प्रयास, अनुकरणीय ऊर्जा दक्षता पहल के लिए चंडीगढ़ ने पहला स्थान हासिल किया।
- **सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली इकाई:** ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन (दिल्ली में मेट्रो पिंक लाइन)

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

### भारत का वर्तमान ऊर्जा परिदृश्य:

- भारत विश्व के टॉप 3 एनर्जी कंज्यूमर्स में से एक है।
- 31 अक्टूबर, 2015 तक भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता: 505GW (259GW गैर जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त)
- IRENA नवीन ऊर्जा सांख्यिकी, 2025 के अनुसार भारत की रैंक:

| क्र.सं. | ऊर्जा | रैंक |
|---|---|---|
| 1. | सौर ऊर्जा | तीसरी |
| 2. | पवन ऊर्जा | चौथी |
| 3. | कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता | चौथी |

- **ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस (GBA):** 25 देश और 12 अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हो चुके है।
- **PM सुर्य घर बिजली योजना:** दिसंबर, 2025 तक 7 गीगावॉट स्वच्छ ऊर्जा जोड़ी गई और लगभग 24 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ा गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## एशियन यूथ पैरा गेम्स, 2025

### चर्चा में क्यों?

- एशियन यूथ पैरा गेम्स, 2025 में भारत ने 36 स्वर्ण, 28 रज़त और 38 कांस्य पदक हासिल कर पदक तालिका में 7 वाँ स्थान प्राप्त किया।

### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन:** 7 से 14 दिसंबर, 2025 तक दुबई (UAE)
- **संस्करण:** 5वाँ
- **शुंभकर:** फॉक्सी; संयुक्त अरब अमीरात की मूल प्रजाति (अमीराती रेगिस्तानी लोमड़ी)
- **आयोजक:** एशियाई पैरालंपिक समिति।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **खेल श्रेणियाँ:** पैरा तीरंदाजी, पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, बोकिया, गोलबॉल, पैरा पावरलिफ्टिंग, पैरा तैराकी, पैरा ताइक्वाडो, पैरा टेबल टेनिस, व्हीलचेयर बास्केटबॉल, पैरा आर्म रेसलिंग (11 खेल)
- **पदक तालिका:**

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| I st | उज्बेकिस्तान | 99 | 57 | 41 | 197 |
| 2nd | ईरान | 76 | 96 | 88 | 262 |
| 3rd | जापान | 40 | 25 | 12 | 77 |

- वर्ष 2025 के इस संस्करण में 25 रिकॉर्ड तोड़े गए, जिनमें 9 विश्व रिकॉर्ड और 16 एशियाई रिकॉर्ड शामिल है।
- ईरान ने पैरा तैराकी में 104 पदक और पैरा एथलेटिक्स में 82 पदक प्राप्त किए हैं।

**भारत का प्रदर्शन:**

- **भारतीय दल:** 99 एथलीट (61पुरुष+38 महिलाएँ)
- **प्रतिस्पर्धा:** कुल 8 खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की।
- **कुल पदक:** 102 पदक (7वाँ स्थान); 36 स्वर्ण + 28 रजत + 38 कांस्य पदक
- **खेलवार पदक:**

| क्र.सं. | खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पैरा एथलेटिक्स | 10 | 7 | 11 | 28 |
| 2. | पैरा तैराकी | 8 | 5 | 6 | 19 |
| 3. | पैरा टेबल टेनिस | 1 | 2 | 2 | 5 |
| 4. | पैरा पावर लिफ्टिंग | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 5. | पैरा ताइक्वांडो | 0 | 0 | 2 | 2 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **नया जिला हांसी: हरियाणा**<br>■ हरियाणा ने हांसी को हिसार जिले से अलग कर 23वाँ जिला घोषित किया। |
| 2. | **रोलिंग बजट**<br>■ मध्य प्रदेश 3 वर्ष का रोलिंग बजट बनाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।<br>■ यह वर्ष 2026-27 से लागू होगा।<br>■ इसमें 1 वर्ष का बजट और आगामी 2 वर्ष का बजट अनुमान शामिल है।<br>■ इससे योजना और वित्तीय अनुशासन प्रभावी होगा। |
| 3. | **रूफटॉप सोलर योजना**<br>■ गुजरात ने रूफटॉप सोलर में 1,879 मेगावाट की क्षमता स्थापित की है।<br>■ इससे मार्च, 2027 तक 10 लाख घरों में सोलर लगाने के लक्ष्य का 50 प्रतिशत पूरा हो गया है।<br>■ **अन्य राज्यों की स्थिति:** गुजरात (25.3%), महाराष्ट्र (18.7%), उत्तरप्रदेश (15.5%), केरल (8.7%), राजस्थान (5.6%) व अन्य राज्य (26.2%)।<br>■ **नोट:** PM सूर्यघर मुक्त बिजली योजना (फरवरी, 2024): इस योजना के अंतर्गत देश में अब तक 19.45 लाख रूफटॉप सोलर लगाए जा चुके है।<br>■ वर्ष 2026-27 तक 1 करोड़ घरों पर सोलर लगाना। |
| 4. | **यूक्रेन: क्षतिपूर्ति कोष का गठन**<br>■ विश्व के 35 देशों ने रूसी हमले से यूक्रेन को हुए नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति कोष गठित करने की योजना को औपचारिक रूप से मंजूरी प्रदान की।<br>■ मानवाधिकार संगठन काउंसिल ऑफ यूरोप ने अंतरराष्ट्रीय दावा आयोग का गठन किया है। इसके माध्यम से फरवरी, 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन के निवासियों को किसी भी क्षति के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **चिली के नए राष्ट्रपति: जोसे एंटोनियो कास्ट**<br>■ चिली ने धुर दक्षिणपंथी नेता जोसे एंटोनियों कास्ट को अगला राष्ट्रपति चुना गया है।<br>■ कार्यकाल की शुरुआत: 11 मार्च, 2026<br>■ चिली में यह पहला राष्ट्रपति चुनाव था, जिसमें चुनाव में मतदान अनिवार्य और पात्र लोगों के लिए पंजीकरण स्वत: हो गया। |
| 6. | **संथाली भाषा में संविधान**<br>■ 25 दिसंबर, 2025 को भारतीय राष्ट्रपति ने संथाली भाषा में संविधान जारी किया (ओल चिकी लिपि)।<br>संथाली भाषा:<br>■ वर्ष 2003 में 92वें संविधान संशोधन द्वारा 8वीं अनुसूची में शामिल किया गया।<br>■ यह झारखण्ड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार में आदिवासी लोगों द्वारा बोली जाती है। |
| 7. | **भारत : किम्बरली प्रक्रिया का उपाध्यक्ष**<br>■ 25 दिसंबर, 2025 को भारत ने किम्बरली प्रक्रिया का उपाध्यक्ष पद ग्रहण किया तथा जनवरी, 2026 से अध्यक्ष बनेगा।<br>■ किम्बरली प्रक्रिया : यह एक त्रिपक्षीय पहल है, जिसमें सरकारें अंतरराष्ट्रीय हीरा उद्योग और नागरिक समाज शामिल है।<br>■ इस पहल में वर्तमान में 60 प्रतिभागी है जो वैश्विक कच्चे हीरे के व्यापार का 99 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व करते हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR